तिरंगा यात्रा

जिले के प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक, महापौर, कलेक्टर, एसपी, स्कूली छात्र तिरंगा यात्रा में शामिल हुए

बरसते पानी में भी निकाली गई तिरंगा यात्रा

नवभारत, कटनी। फॉरेस्टर प्ले ग्राउंड से बुधवार सुबह विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा के दौरान मूसलाधार बारिश भी हो रही थी, बरसते पानी में तिरंगा यात्रा में शामिल जनप्रतिनिधि, अधिकारी, स्कूली छात्र देश भक्ति के नारे लगा रहे थे, देश भक्ति के नारों से शहर की सड़कें बारिश के बीच भी गूंज रहीं थी। फारेस्टर प्ले ग्राउंड से सुबह साढ़े 10 बजे शुरू हुई इस तिरंगा यात्रा में जिले के प्रभारी मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, सांसद वीडी शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, विधायक संदीप जायसवाल, प्रणय पांडे, धीरेन्द्र सिंह, महापौर प्रीति सूरी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामरतन पायल, पीताम्बर टोपनानी, शशांक श्रीवास्तव, कलेक्टर दिलीप यादव, पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा सहित अधिकारी शामिल रहे। तिरंगा यात्रा का बारिश ने जोरदार अभिनंदन किया। बीते वर्ष भी तिरंगा यात्रा शुरू होते ही बारिश का आगाज हुआ था हालांकि बारिश यात्रा में कोई खलल नहीं बनी। अपार उत्साह से लोगों ने यात्रा में शामिल होकर राष्ट्र प्रेम की भावना का परिचय दिया। तेज बारिश से तिरंगा यात्रा में उत्साह दोगुना हो गया हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत निकाली गई तिरंगा यात्रा के दौरान काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। शहर के अलग-अलग मंडलों से भी यात्रा निकली। सभी कार्यकर्ता फोरेस्टर प्ले ग्राउंड में एकत्रित हुए। कार्यकर्ता विशाल तिरंगा लिए चल रहे थे।

यात्रा फॉरेस्टर प्ले ग्राउंड से प्रारंभ होकर स्टेट बैंक तिराहा गांधी द्वार, जैन मंदिर, खेर माई मंदिर, घंटाघर, सराफा कपड़ा, बाजार सुभाष चौक, मोहन टॉकीज रोड से होते हुए दोबारा फारेस्टर प्ले ग्राउंड में समाप्त हुई। इस अवसर पर सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि लोगों का उत्साह देखकर सिद्ध है कि देश की आन-बान और शान के लिए प्रत्येक देशवासी हर वक्त ततपर है। हमें अपनी सेना पर गर्व है उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुश्मन को परास्त करने के लिए सेना के पराक्रम की सराहना की।

सोना नहीं मिलने से नाराज कारोबारियों ने किया प्रदर्शन

सराफा कारोबारियों से करोड़ों रूपए के सोने की ठगी का मामला

नवभारत कटनी। कोतवाली थाना क्षेत्र के सराफा बाजार के कारोबारियों से करोड़ों रूपए के सोने की ठगी का मामला आरोपी की गिरफ्तारी के बाद भी तूल पकड़ता जा रहा है, जिसका कारण आरोपी से ठगे गए सोने की बरामदगी नहीं होना है। आरोपी से सोने की बरामदगी नहीं होने से नाराज सराफा कारोबारियों ने बुधवार को सराफा बाजार बंद कर विरोध प्रदर्शन किया। कारोबारियों ने आरोप लगाया कि हमारा सोना अंशुल सोनी द्वारा वापस नहीं किया जा है और दबाव बनाया जा रहा है कि चालीस पर्सेंट में समझौता कर लिया जाए। इसी बात को लेकर कारोबारियों में नाराजगी है। नाराज कारोबारियों ने दुकान बंद कर विरोध प्रदर्शन किया और सोना बरामद करने की मांग की गई। वहीं पुलिस ने बताया कि लगभग एक दर्जन कारोबारियों ने शिकायत की थी कि अंशुल सोनी नामक युवक करीब दो किलो दो सौ ग्राम सोने की ठगी कर लिया है।

पुलिस ने शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया और उसे रीवा के चुरहटा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से ठगे गए सोने की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन अब तक सोने की बरामदगी नहीं हुई है।

एक नजर में

ननि आयुक्त ने बैठक में दिए अधिकारियों को निर्देश

नवभारत, कटनी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर में 15 अगस्त को जिला मुख्यालय स्तर पर झिंझरी पुलिस लाईन में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम सहित निगम कार्यालय में आयोजित होने वाले ध्वजारोहण कार्यक्रम की आवश्यक तैयारियों के संबंध में निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे द्वारा बुधवार को समीक्षा बैठक आयोजित कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निगमायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम स्थल, निगम कार्यालय सहित नगर के विभिन्न ध्वजारोहण स्थलों सहित स्मारकों में प्रतिवर्षानुसार की जाने वाली तैयारियां जल्द पूरा कराने के निर्देश लोक निर्माण और स्वास्थ्य विभाग, विद्युत शाखा के अधिकारियों को दिए। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम स्थल पहुंच मार्ग, परेड स्थल के गड्ढे में डस्ट डालकर उसकी फिलिंग का कार्य करने, निगम के जनप्रतिनिधियों के लिए आवश्यक बैठक व्यवस्था तय कराने, कार्यक्रम स्थल में लाइव शो और आवश्यक इंटरनेट सहित मंच, माईक सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था समय रहते पूरा करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। निगायुक्त ने स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी ध्वजारोहण स्थलों में पर्याप्त साफ- सफाई, चूने की लाईनिंग कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव सहित महिला और पुरूष चलित शौचालय की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर करानें के निर्देश दिए। सुगम आवागमन व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए हांका गेंग के माध्यम से आवारा मवेशियों को मार्गो से हटाने सहित यातायात विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थल पुलिस ग्राउण्ड झिंझरी में वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए स्वास्थ्य अधिकारी और अतिक्रमण प्रभारी को निर्देशित किया। निगमायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शासकीय भवनों, स्मारकों, ओव्हर ब्रिज सहित नगर के अन्य आवश्यक स्थलों पर तिरंगा थीम पर अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था करने, तिरंगा झंडा लगाने के निर्देश विद्युत शाखा के अधिकारियों को दिए।

सामाजिक सुरक्षा देना पीएम जीवन ज्योति बीमा का उद्देश्य

योजना के तहत परिजनों को दी गई दो लाख रूपए की राशि

नवभारत रीठी। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत कटनी जिले की रीठी तहसील के स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, देवगांव शाखा द्वारा दो लाख की बीमा राशि का भुगतान किया गया। यह राशि मनीषा चौधरी, पुत्री राजू चौधरी, निवासी ग्राम खावरा, तहसील मझौली, जिला जबलपुर को दी गई है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा योजना है, जिसका उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों और आम नागरिकों को कम प्रीमियम में जीवन बीमा सुरक्षा प्रदान करना है। योजना के अंतर्गत 18 से 50 वर्ष के आयु वर्ग के पात्र खाताधारकों को मात्र 436 वार्षिक प्रीमियम पर आकस्मिक मृत्यु या पूर्ण विकलांगता की स्थिति में दो लाख का बीमा कवर मिलता है। देवगांव शाखा के प्रबंधक ने बताया कि लाभार्थी के दावे को समय पर प्रक्रिया में लाकर निर्धारित नियमों के अनुसार जांच की गई और सभी आवश्यक दस्तावेज पूरे होने के बाद बीमा राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में हस्तांतरित कर दी गई। उन्होंने कहा कि यह योजना खासतौर पर उन लोगों के लिए मददगार साबित हो रही है, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। शाखा प्रबंधक अजीत सिंह यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत लाभार्थी बनने के लिए आवेदक के पास किसी भी बैंक में बचत खाता होना आवश्यक है। खाता धारक को अपना आधार नंबर, नामांकन फॉर्म और नामांकित व्यक्ति की जानकारी बैंक में जमा करनी होती है। बीमा कवर हर वर्ष स्वत: नवीनीकृत होता है, बशर्ते खाते में प्रीमियम की राशि उपलब्ध हो। इस अवसर पर बैंक स्टाफ। ओम शिवम गुप्ता अभिषेक जरगर दीपमाला धर्मेंद्र सिंह और स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।

देश भक्ति के नारे लगाए, घरों में तिरंगा फहराने किया गया प्रेरित

जनभागीदारी समिति, जन अभियान परिषद ने संयुक्त रूप से निकाली रैली

नवभारत उमरियापान। हर घर तिरंगा, हर घर स्वाच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय उमरियापान जनभागीदारी समिति, जन अभियान परिषद, पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। तिरंगा रैली उमरियापान पुलिस थाना परिसर से शुरू होकर झंडा चौक, न्यू बस स्टैंड, अधेलीबाग तिराहा तक निकाली गई। तिरंगा रैली में महाविद्यालय जन भागीदारी समिति, जन अभियान परिषद, पुलिस स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने तिरंगा लहराते हुए देशभक्ति के नारे लगाए। रैली का उद्देश्य नागरिकों को 15 अगस्त पर अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना है,

विधायक के नेतृत्व में निकाली गई रैली

हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तहसील मुख्यालय ढीमरखेड़ा से उमरियापान तक 15 किलोमीटर तिरंगा यात्रा वहान रैली निकाली गई। उमरियापान मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया ने बताया कि तिरंगा वाहन रैली विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में तहसील मुख्यालय ढीमरखेड़ा से उमरियापान तक निकाली गई।

विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि हर घर तिरंगा यात्रा का मुख्य उद्देश्य हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का राष्ट्रव्यापी उत्सव है जो देश की स्वतंत्रता और एकता का प्रतीक है। वाहन रैली ढीमरखेड़ा से सिमरिया, बड़ी पौड़ी, छोटी पौंड़ी, बहनरी, मड़ेरा, महनेर, बम्हनी, उमरियापान झंडा चौक, न्यू बस स्टैंड, आजाद चौंक, पचपेड़ी, पकरिया तक रैली में देशभक्ति के नारे लगाए गए और लोगों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया गया। तिरंगा वाहन रैली का समापन आजाद चौंक उमरियापान में किया गया। तिरंगा वाहन रैली यात्रा में ढीमरखेड़ा तहसील के तीनों मंडल अध्यक्ष जिसमें उमरियापान मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया, ढीमरखेड़ा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र त्रिपाठी, सिलौड़ी मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

अमन, शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाएं सभी त्यौहार

कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित की गई शांति-समिति की बैठक

नवभारत कटनी। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में बुधवार को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित जिला शांति समिति की बैठक में आगामी सभी त्यौहारों को अमन, शांति, सौहार्द और भाई-चारे की जिले की परंपरा के अनुसार मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। शांति समिति की बैठक में शनिवार 16 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी, बुधवार 27 अगस्त को गणेश मूर्ति स्थापना, शुक्रवार 5 सितंबर को मिलाद-उन-नवी और रविवार 7 सितंबर को गणेश मूर्ति विसर्जन का पर्व और त्यौहार शांतिपूर्वक उत्साह के साथ मनाए जाने पर चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर ने त्यौहारों के मद्देनजर नगर निगम को मंदिर परिसर और सभी आयोजन स्थलों के आस-पास साफ-सफाई और मार्गों के गड्ढों को भरने, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने त्यौहारों के मद्देनजर एकत्रित होने वाली भीड़ को देखते हुए शांति और कानून व्यवस्था बनाने के उद्देश्य से पुलिस कंट्रोल रूम में पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में तत्काल पहुंचा जा सके। कलेक्टर ने कृष्ण जन्माष्टमी सहित अन्य सभी पर्वों और त्यौहार को देखते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों को मंदिरों और मेला स्थानों पर विद्युत तारों, टेलीफोन तारों को व्यवस्थित करने के भी निर्देश दिए। त्यौहारों के दौरान चिन्हित स्थलों में चिकित्सक और दवाईयों सहित 24 घंटे एंबुलेंस की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे त्यौहारों के मद्देनजर थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक आयोजित करें और प्राप्त सुझावों के अनुरूप आवश्यक व्यवस्थाएं करें।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, अपर कलेक्टर साधना परस्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहेरिया, एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता, नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे सहित सभी एसडीएम, थाना प्रभारी और सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

देश की आजादी के लिए किए गए संघर्ष की याद है तिरंगा

बड़वारा और ढीमरखेड़ा ब्लॉक में चलाया जा रहा अभियान

नवभारत कटनी। मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह के नेतृत्व में कटनी जिले के बड़वारा और ढीमरखेड़ा ब्लॉक में हर घर तिरंगा अभियान 2 अगस्त से 15 अगस्त तक चलाया जा रहा है। अभियान के तहत हाई स्कूल बिजौरी में स्कूल प्राचार्य महिपाल सिंह धुर्वे के मार्गदर्शन में शिक्षक अजय सिंह बरकड़े, सृजना पांडे, हिमांशु बल्लभ गोस्वामी, भावना निगम, शरद लता गुप्ता, उर्मिला कुमारी के सहयोग से छात्र छात्राओं को हर घर तिरंगा अभियान की जानकारी देकर गांव में रैली निकालकर सभी ग्रामवासियों को तिरंगे के प्रति सन्देश दिया गया। सभी से कहा गया कि आपको अपने घरों में तिरंगा फहराना है और राष्ट्रध्वज का सम्मान करना है।

हर घर तिरंगा अभियान स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर शुरू किया गया एक विशेष अभियान है, जिसका उद्देश्य हर नागरिक को अपने घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना है। हर घर तिरंगा सिर्फ एक सरकारी पहल नहीं, बल्कि यह हर भारतीय के लिए गर्व और देशभक्ति का उत्सव है, जो हमें अपने देश की आज़ादी के संघर्ष और बलिदानों की याद दिलाता है। अभियान को सफल बनाने में समिति कार्यकर्ता गुलशन सिंह, ओमप्रकाश यादव, रामकिशोर चौधरी का विशेष सहयोग रहा है।

फुल ड्रेस रिहर्सल परेड की सीईओ और एसपी ने ली सलामी

झिंझरी पुलिस लाइन में किया गया रिहर्सल परेड का आयोजन

नवभारत, कटनी। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को झिंझरी स्थित पुलिस मैदान में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। स्वतंत्रता दिवस को आयोजित होने वाले परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन बुधवार को झिंझरी स्थित पुलिस ग्राउंड में किया गया। इस रिहर्सल में जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत और पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने ध्वजारोहण किया और उसके बाद खुली जीप में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया। सशस्त्र बल ने हर्ष फायर किया। उसके बाद जिला पुलिस बल, जिला पुलिस बल महिला, वन विभाग, एनसीसी स्काउट और गाइड के दलों ने परेड कर अतिथि को सलामी दी।

बेटे की मौत के बाद स्वीकृति की गई सहायता राशि अब तक नहीं मिली

कलेक्टर ने नाजरात शाखा को दिए शिकायत के निराकरण के निर्देश

नवभारत कटनी। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में यहां पहुंचे 107 आवेदकों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई अनुविभाग, तहसील, विकासखंड और ग्राम पंचायत स्तर पर भी आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान ग्राम अंतर्वेद निवासी विष्णु प्रसाद लोधी ने आवेदन देते हुए कहा है कि मेरे पुत्र मुकेश कुमार लोधी का निधन करंट लगने की वजह से हो गया था।

मृत्यु के बाद सहायता राशि के लिए सभी कागजी कार्रवाई के बाद अनुग्रह राशि का स्वीकृति पत्र तो मिल गया पर अभी तक राशि खाते में नहीं आई। इस पर कलेक्टर ने नाजरात शाखा को शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए। ग्राम बड़खेरा निवासी प्रिंस पटेल ने बताया कि मैंने कई बार अपना आधार कार्ड सुधरवाया लेकिन मेरा आधार नहीं सुधर पा रहा है। इस वजह से मुझे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मेरा आधार कार्ड सुधरवा दीजिए। इस पर कलेक्टर ने ई-गवर्नेंस को आधार कार्ड में सुधार कर शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान सभी शिकायतों का नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर साधना परस्ते, एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता, विंकी सिंहमारे उइके सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे।

कृषि

झुकेही रैक प्वाइंट से उतारा गया 1080 मीट्रिक टन यूरिया, किसानों को मिलेगी पर्याप्त खाद

जिले के किसानों को आवश्यकता के अनुसार उपलब्ध कराई जाएगी यूरिया खाद

नवभारत, कटनी। जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से लगातार संवाद और सार्थक प्रयासों की वजह से वर्तमान में खरीफ फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली उर्वरक यूरिया खाद की एक और रैक झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है।

इससे कटनी जिले को 1080 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया मिली है। झुकेही रैक पाइंट से परिवहन कर यूरिया जिले में लाई जा रही है। इसके पहले बीते बुधवार को भी 813 मीट्रिक टन यूरिया जिले को मिली थी। इस प्रकार अब किसानों की जरूरत के लिए जिले में यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता हो गई है।

जिला विपणन अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि रैक से आई नीम कोटेड यूरिया में से कटनी डबल लॉक केन्द्र के लिए 250 मीट्रिक टन, बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र के लिए 180 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जाएगी। जबकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 300 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जाएगी। इसी प्रकार सीएमएस मार्केटिंग सोसायटी कटनी, सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा, सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा, सीएमएस बाकल को 50-50 मीट्रिक टन, प्रियदर्शनी विपणन विजयराघवगढ़ को 30 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की जाएगी।

जबकि एमपी एग्रो कटनी को 70 मीट्रिक टन खाद आवंटित की जाएगी। जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता हो सकेगी। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सभी खाद दुकानों के बाहर सूचना बोर्ड अवश्य लगाने के निर्देश दिए हैं। इस बोर्ड में प्रत्येक उर्वरक की उपलब्ध मात्रा का विवरण और इसी के सामने उर्वरक की दर लिखवाने की हिदायत कलेक्टर ने अधिकारियों को दिया है। कलेक्टर ने किसानों से कहा है कि वे खाद और बीज से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या और शिकायत या खाद, बीज मिलने में असुविधा संबंधी सूचना कलेक्ट्रेट कार्यालय में बने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 07622-220070 और 07622-220071 पर दे सकते हैं।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED

डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्राशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।

डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्डधारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024

17 वर्ष का चिकित्सकीय अनुभव
आज की जरूरत है होम्योपैथिक चिकित्सा
हो जाएं जब सब जगह से निराश Cure Zone जगाए आस
www.curezon.com

क्या आप ऐलोपैथिक, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के द्वारा इलाज से उचित लाभ नहीं ले पा रहे हैं? तो आज ही अपनी विभिन्न शारीरिक एवं मानसिक परेशानियों के लिए संपर्क करे।

क्योर जोन
होम्योपैथिक क्लीनिक एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श केन्द्र

चर्मरोग, वात रोग, बार-बार पथरी होना, किडनी के रोग, माइग्रेन, बालो का झड़ना, बच्चों के रोग, महिलाओं के रोग, यौन रोग, लकवा, मोटापा, थाइराइड प्राब्लम, PCOD, किसी भी प्रकार की गॉठ, बवासीर एवं सभी प्रकार की शारीरिक एवं मानसिक आघात की चिकित्सा व मानसिक रोग, डिप्रेशन, तनाव आदि के उपचार के लिए संपर्क करें।

डॉ. व्ही. बी. खरे
M.A.Psych., B.Sc. B.H.M.S.,C.C.H., P.G.D.P.C., D.N.Y.S.
(होम्योपैथिक विशेषज्ञ एवं मनोवैज्ञानिक सलाहकार)

डॉ. अनुभा खरे
B.H.M.S.,D.N.Y.S., C.C.H
(होम्योपैथिक एवं सौंदर्य विशेषज्ञ)

मोहन टॉकीज के पीछे, शुभ श्री टेलर के सामने, फर्स्ट फ्लोर, कटनी (म.प्र.)
फोन- 9406540935, 7067230030, 07622-408111